दिन–गुरूवार दिनांक– 12 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पूर्वी चंपारण और पूर्णिया जिले से आठ करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोइन और स्मैक के साथ पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया।

02. महावीर मंदिर न्यास द्वारा पटना के फुलवारीशरीफ में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी आधारशिला।

03. बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल। सुरक्षा के किए गए व्यापक प्रबंध।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में लगातार ठंड में हो रही है बढ़ोतरी। कैमूर और रोहतास जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण और पूर्णिया जिले से पुलिस ने आठ करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोइन और स्मैक के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से पुलिस और नारकोटिस कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने सात करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ब्राउन शुगर बनाने वाले केमिकल बरामद किये गये हैं।

———बाईट———

इधर, पूर्णिया जिले के बलौरी स्थित ओवरब्रिज के पास से पुलिस ने एक कार से एक करोड़ रूपये मूल्य का मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया। मौके से दो तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी में छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ की जा रही है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

———————————————————————————

बेगूसराय के लोहियानगर गुमटी के पास अतिक्रमण हटाने का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी तुषार सिंगला को बंधक बना लिया। घटना की सूचना मिलने पर एसपी समेत सात थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जिलाधिकारी को भीड़ से सुरक्षित निकाला गया।

———————————————————————————

महावीर मंदिर न्यास, पटना द्वारा पटना के फुलवारीशरीफ में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अस्पताल की आधारशिला रखी। न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि अस्पताल में कैंसर पीड़ित अठारह वर्ष तक के बच्चों और किशोरों का निशुल्क इलाज होगा। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल सौ बेड की क्षमता वाला होगा।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना से एक सौ नौ औषधि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये औषधि वाहन सभी जिला मुख्यालयों से प्रखंड और पंचायत स्तर तक के स्वास्थ्य केन्द्रों तक दवा पहुंचायेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

———————————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए कैशलेस इलाज की योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने यह बात कही। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

———बाईट———

इसमें जो व्हीकल इंश्योरेंस होगा। उसमें सात दिन तक का खर्चा या डेढ लाख रुपये वो उनको तुरंत मिल जाएगा। मैं उनको और बताना चाहता हूं, उत्तर प्रदेश में ही इसकी शुरूआत हो रही है और अगले तीन महीने में ये पूरे देश में, इस योजना की शुरूआत करेंगे।

राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री गडकरी ने सदस्यों से दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए हर जिले में दुर्घटना निवारण समिति गठित करने का अनुरोध किया।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल होगी। परीक्षा का आयोजन एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे के बीच होगा। सुबह ग्यारह बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मुनभाई ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। हरेक केंद्र पर जैमर लगाए गये हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईकार्ड या अन्य कोई फोटो पहचान पत्र रखना होगा, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित होगी। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा हॉल में सभी अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति ली जाएगी।

———बाईट———

आयोग ने कहा है कि सोशल मीडिया और परीक्षा माफिया गिराहों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

————————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने आज वीडियो कॉल के जरिए कई सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए कक्षा में चल रही पढ़ाई, छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति तथा साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव प्रतिदिन वीडियो कॉल के माध्यम से राज्य के दस विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे।

————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में लगातार ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। कैमूर और रोहतास जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी हुयी है। सुबह के समय राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और

गिरावट आने की संभावना है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले में अगले दो दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी ने आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सूर्यवंशी ने कहा कि वे आईपीएल का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। उन्होंने अबतक के अपने क्रिकेट के सफर के लिए बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को धन्यवाद दिया।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रयागराज में तेरह जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर आज पटना में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह और राकेश सचान शामिल हुए। इस अवसर पर श्री सचान ने बिहारवासियों को महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

–––बाईट–––

वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि महाकुंभ में पचास से साठ करोड़ लोगों के भाग लेने की संभावना है।

–––बाईट–––

महाकुंभ में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है।

————————————————————————

बोधगया के महाबोधि मंदिर में आयोजित उन्नीसवां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक समारोह आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर शामिल हुए। इस अवसर पर श्री आर्लेकर ने कहा कि विश्व के विभिन्न देशों में भगवान बुद्ध और भारतीय ज्ञान परंपरा का काफी सम्मान है। भारत ने विश्व की आध्यात्मिक विरासत को समृद्ध किया है। श्री आर्लेकर ने कहा कि आज के दौर में भगवान बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है।

————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा में फर्जीवाड़े के मुख्य आरोपी रविभूषण को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही जांच एजेंसी ने उसके पांच और सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग की टीम ने डेढ़ सौ कार्टन शराब बरामद की है। बरामद शराब का बाजार मूल्य पंद्रह लाख रूपये बताया जाता है। वहीं, अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सौ अस्सी लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र के कड़ामा पेट्रोल पम्प के पास अपराधियों ने एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। ठेकेदार को अपराधियों ने छह गोलीमारी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के जमींदारी बांध पर हथियारबंद अपराधियों ने एक फाइनेंसकर्मी के साथ मारपीट कर लगभग सड़सठ हजार रुपए लूट लिए।

————————————————————————

दरभंगा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए आज से एक और निजी विमान का परिचालन शुरू हुआ।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पूर्वी चंपारण और पूर्णिया जिले से आठ करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोइन और स्मैक के साथ पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया।

02. महावीर मंदिर न्यास द्वारा पटना के फुलवारीशरीफ में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी आधारशिला।

03. बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल। सुरक्षा के किए गए व्यापक प्रबंध।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में लगातार ठंड में हो रही है बढ़ोतरी। कैमूर और रोहतास जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।